Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to construct Gandhi Circuit Memory Path and Gandhi Ward in Odisha.

प्रो. अच्युतानंद सामंत (कंधमाल): सभापति महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका बहुत आभार व्यक्त करता हूं । मैं एक महत्वपूर्ण विषय पर आपके माध्यम से भारत सरकार की ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । महात्मा गांधी जी के 150 वर्षों का सपने का देश भर में पालन हो रहा है । इसके लिए कमेटी भी बनी है और बहुत बजट भी रखा गया है । महात्मा गांधी जी का ओडिशा के लिए एक विशेष आकर्षण था । 1921 से 1946 तक महात्मा गांधी जी 8 बार ओडिशा गए थे । उन्होंने लगभग 69 दिन ओडिशा विजिट किया था । इस सिलसिले में गोपबंधु दास जी, जिनको ओडिशा का गांधी जी कहा जाता है, उनके साथ वे ठहरे । पहली बार महात्मा गांधी जी 23 मार्च, 1921 में काठजोड़ी नदी के तट पर बहुत बड़ी सभा की थी, जिसमें महिलाओं की संख्या काफी अधिक थी, जिसे देखकर महात्मा गांधी जी बहुत खुश हुए थे । महिलाओं ने भी महात्मा गांधी जी से प्रभावित होकर भारत की आजादी के लिए भारी मात्रा में अपने गहने दान किए थे । उसके बाद गांधी जी ने छुआछूत उन्मूलन हेतु पद यात्रा की थी । गांधी जी के प्रयास से ओडिशा में खादी स्टोर बना ।

माननीय सभापति: कृपया तुरन्त डिमांड रखिए ।

प्रो. अच्युतानंद सामंत : सभापति महोदय, मेरी आपके माध्यम से सरकार से यह मांग है कि गांधी सर्किट मेमोरी पाथ, गांधी वार्ड इन ओडिशा बनना चाहिए और गांधी जी व गोपबंधु दास जी का ज्वाइंट स्टैच्यू कटक में बनना चाहिए । धन्यवाद ।

माननीय सभापति:

श्री महेश साहू और

श्री रमेश चन्द्र माझी,

श्री अनुभव मोहंती और

कुमारी चन्द्राणी मुर्मु को श्री अच्युतानंद सामंत द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।